# फर्द अहकाम

## कार्यालय उपखण्ड अधिकारी मावली, उदयपुर

**प्रार्थी : श्री नरेन्द्र मीणा** | **विपक्षी : राजस्थान राज्य**

**किस्म मुकदमा – 131, 133 भू.राजस्व अधिनियम** | **पत्रावली संख्या : 43/25**

**जीसीएमएस : 2025/151**

| कार्यवाही विवरण | हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई |
|---|---|

दिनांक : 30.04.2025

पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी व राजपेरोकार उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी व राजपेरोकार को सुना गया। अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराया तथा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाने का निवेदन किया। राजपेरोकार द्वारा रिपोर्ट अनुसार डोटेड रास्ते को तरमीम किये जाने पर सहमति व्यक्त की।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। तहसीलदार घासा की रिपोर्ट अनुसार ग्राम विशनपुरा के आराजी नम्बर 758/740 रकबा 0.9712 हेक्टेयर किस्म बंजड़। नामान्तरकरण संख्या 55 दिनांक 27.10.77 से बिलानाम काबिल काश्त आराजी 740/329 किस्म बंजड में से आराजी नम्बर 758/740/329 रकबा 0.9712 हेक्टेयर किस्म बंजड़ श्री रामा पिता भोपा भील सा. विशनपुरा गैर खातेदार दर्ज रिकार्ड हुआ। नामान्तरकरण संख्या 200 से श्री रामा पिता भौपा भील सा. देह गैर खातेदार के स्थान पर श्री उदा पिता रामा, जेतकी बेवा रामा भील सा. देह गैर खातेदार दर्ज रिकार्ड हुआ। ग्राम विशनपुरा के नामान्तरकरण संख्या 225 से उदा पिता रामा, जेतकी बेवा रामा भील सा. देह गैर खातेदार के स्थान पर उदा पिता रामा, जेतकी बेवा रागा भील सा. देह खातेदार दर्ज रिकार्ड हुआ। नामान्तरकरण संख्या 466 (ग्राम विशनपुरा के ना.सं. 466) से उदा पिता रामा, जेतकी बेवा रामा भील सा. देह खातेदार के स्थान पर से उदा पिता रामा भील सा. देह दर्ज रिकार्ड हुआ। ग्राम विशनपुरा के नामान्तरकरण संख्या 937 दिनांक 11.09.2024 उदा पुत्र रामा जाति भील हिस्सा पूर्ण सा. देह खातेदार के स्थान पर श्री लाल पुत्र लोगरलाल भील हिस्सा पूर्ण निवासी पिपलिया फतेहनगर, उदयपुर (राज.) दर्ज हुआ। नामान्तरकरण संख्या 947 दिनांक 19.02.2025 श्री लाल भील पुत्र लोगरलाल भील हिस्सा पूर्ण जाति भील निवासी पिपलिया फतेहनगर के स्थान पर (1) श्रीलाल भील पुत्र लोगरलाल भील हिस्सा 97/120 जाति भील (2) नरेन्द्र मीणा पुत्र हुरगचन्द गीणा हिस्सा 23/120 निवासी नया गुडा बुझडा, उदयपुर दर्ज रिकार्ड हुआ। नामान्तरकरण संख्या 950 दिनांक 07.03.2025 श्रीलाल भील पुत्र लोगरलाल हिस्सा 97/120 जाति

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2025.05.26 12:09:13 IST
Reason: SelfAttested

| | |
|---|---|
| भील निवासी पिपलिया के स्थान पर (1) श्रीलाल भील पुत्र लोगरलाल भील हिस्सा 38843/145680 (2) राधाबाई मीणा पत्नी नानालाल हिस्सा 5261/19424 जाति मीणा निवासी सत्यनारायण मन्दिर की गली हुनमान वाटिका के पास मावली खातेदार (3) हिमानी मीणा पत्नी नवीन मीणा 5261/19424 जाति मीणा निवासी हनुमान वाटिका मावली खातेदार दर्ज रिकार्ड बाकी बदूस्तर रिकार्ड हुआ। ग्राम विशनपुरा की वर्तमान जमाबंदी अनुसार आराजी नम्बर 758/740 रकबा 0.9712 हेक्टेयर किस्म बंजड (1) नरेन्द्र मीणा पुत्र हुरमचन्द मीणा हिस्सा 23/120 जाति गीणा निवासी नया गुडा बुझडा, उदयपुर (2) राधाबाई मीणा पत्नी नानालाल हिस्सा 5261/19424 जाति मीणा निवासी सत्यनारायण मन्दिर की गली हुनमान वाटिका के पास मावली उदयपुर। (3) श्रीलाल भील पुत्र लोगरलाल भील हिस्सा 38843/145680 जाति भील निवासी पिपलिया फतेहनगर (4) हिमानी मीणा पत्नी नवीन गीणा 5261/19424 जाति मीणा निवासी हनुमान वाटिका गावली उदयपुर खातेदार दर्ज रिकार्ड है। प्रार्थी खातेदार नरेन्द्र पिता हुरमचन्द मीणा के आराजी नम्बर 758/740 रकबा 0. 9712 हेक्टेयर किस्म बंजड़ में नक्शा दुरस्ती चाहा गया है। राजस्व रिकार्ड नक्शा शीट में आ.नं. 758/740 में डोटटेड लाईन लट्ठा ट्रेस में तरमीमी लाल लाईन है। ऑन लाईन भू–नक्शा में आराजी नम्बर 758/740 में किसी प्रकार की डोट्टेड लाईन प्रदर्शित नहीं हैं। बटरशीट पर उक्त डोट्टेड लाईन है वहां से मौके पर आज दिनांक को आवागमन नहीं हो रहा है। राजस्व रिकार्ड अनुसार मौके पर नक्शा शीट व लट्ठा शीट दोनों में मौजुदा डोट्टेड लाईन (बटर शीट) तरमीमी रास्ते (लट्ठा शीट) पर आवागमन चालु नहीं है किन्तु मौके पर पक्की डामरीकरण सडक जिसे प्रस्तावित नक्शा में रेड स्याही से प्रदर्शित किया है। इसी आराजी में मौके पर रोड बटर शीट पर रेड स्याही द्वारा प्रस्तावित नक्शा में प्रदर्शित किया गया चालू है तथा आवागमन हो रहा हैं। प्रार्थी राजस्व रिकार्ड व लट्ठा शीट में प्रदर्शित तरमीमी लाईन को मौके पर बनी डामरीकरण सड़क अनुसार नक्शा में परिवर्तन चाहता है। मौके पर डामरीकरण सडक तरमीमी रास्ते पर नहीं बनाकर प्रचलित कदीमी कच्चे रास्ते पर पीडब्ल्यूडी द्वारा बना दी गई है। मौका व नक्शे की एक रूपता को बनाये रखने हेतु राजस्व नक्शे की दुरस्ती किया जाना आवश्यक हैं। तहसीलदार द्वारा अपनी रिपोर्ट के साथ पटवारी हल्का लदानी एवं भू–अभिलेख निरीक्षक रिपोर्ट भी संलग्न की गई है। न्यायालय का विनम्र अभिमत है कि वादग्रस्त आराजी में ऑनलाईन नक्शे में डोटेड रास्ता अंकित नही है। लट्ठा शीट में प्रदर्शित तरमीमी अनुसार मौके पर रास्ता नही है। मौके पर डामरीकरण सड़क बनी हुई है। प्रार्थी [illegible] अनुसार नक्शे में तरमीम | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2025.05.26 12:09:13 IST
Reason: SelfAttested

करवाना चाहता है। मौके अनुसार नक्शे अंकित रास्ते की डोटेड लाईन को तरमीम किया जाने से मौके एवं नक्शे में एकरूपता हो सकेगी। मौके पर निर्मित सड़क अनुसार प्रस्तावित नक्शा ट्रेस भी प्रस्तुत किया गया है। अतः प्रस्तावित नक्शा ट्रेस अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाया जाता हैं।

**—: आदेश :—**

परिणामस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 133 भू. राजस्व अधिनियम का स्वीकार किया जाता है कि मौजा विशनपुरा पटवार हल्का लदानी तहसील मावली की आराजी नम्बर 758/740 रकबा 0.9712 हैक्टर भूमि में वर्णित डोटेड तरमीम को प्रस्तावित नक्शे अनुसार डोटेड तरमीम की जावे। प्रस्तावित नक्शें अनुसार तरमीम किये जाने हेतु तहसीलदार मावली को लिखा जावें। नक्शा ट्रेस पत्रावली का अभिन्न अंग रहेगा। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय खुले न्यायालय सुनाया गया।

(**रमेश सीरवी पुनाडिया R.A.S.**)
उपखण्ड अधिकारी
मावली

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2025.05.26 12:09:13 IST
Reason: SelfAttested